# सेरोगेसी के अंतरराष्ट्रीय कानूनों के बीच तुलना

सेरोगेसी (रेगुलेशन) बिल, 2016 भारत में सेरोगेसी को रेगुलेट करने का प्रस्ताव रखता है। बिल (i) किन्हीं भारतीय दंपत्तियों को निस्वार्थ सेरोगेसी की अनुमति देता है, (ii) कमर्शियल सेरोगेसी को प्रतिबंधित करता है, (iii) सेरोगेसी प्रक्रिया की इच्छुक सेरोगेट माताओं और दंपत्तियों की योग्यता की शर्तों को तय करता है, जो उन्हें पूरी करनी होंगी, और (iv) सेरोगेसी के जरिए पैदा हुए बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है।

नीचे दी गई तालिका में बिल के प्रावधानों की तुलना विभिन्न देशों, जैसे नीदरलैंड्स, युनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, ग्रीस और रूस के सेरोगेसी कानूनों से की गई है।

**तालिका 1: सेरोगेसी के अंतरराष्ट्रीय कानूनों के बीच तुलना**

| देश | भारत<br>सेरोगेसी बिल, 2016 | नीदरलैंड्स | युनाइटेड किंगडम | दक्षिण अफ्रीका | ग्रीस | रूस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वीकृत सेरोगेसी के प्रकार (निस्वार्थ या कमर्शियल)** | ▪ निस्वार्थ (कमर्शियल सेरोगेसी प्रतिबंधित) | ▪ निस्वार्थ (कमर्शियल सेरोगेसी प्रतिबंधित) | ▪ निस्वार्थ (कमर्शियल सेरोगेसी प्रतिबंधित) | ▪ निस्वार्थ (कमर्शियल सेरोगेसी प्रतिबंधित) | ▪ निस्वार्थ (कमर्शियल सेरोगेसी प्रतिबंधित) | ▪ कमर्शियल सेरोगेसी की अनुमति |
| **सेरोगेट को भुगतान** | ▪ मेडिकल खर्च और बीमा कवरेज | ▪ आईवीएफ, गर्भवस्था, प्रसव से जुड़े उचित खर्चे, ऐसे खर्चे भी जो बीमा के दायरे में नहीं आते, इसके अलावा एडॉप्शन, बीमा और कानूनी कार्यवाहियों से जुड़े खर्चे | ▪ उपयुक्त खर्चे जिसमें सेरोगेट माता के लाभ के लिए किए गए भुगतान शामिल नहीं है | ▪ मेडिकल खर्च या बीमा कवरेज<br>▪ गर्भावस्था के दौरान सेरोगेट माता की आय को होने वाला कोई भी नुकसान | ▪ गर्भावस्था, गर्भधारण की अवधि, प्रसव और प्रसव उपरांत की अवधि से जुड़े खर्चे<br>▪ गर्भावस्था के दौरान सेरोगेट माता की आय को होने वाला कोई भी नुकसान | ▪ कोई सीमा नहीं |
| | | | ***कमीशनिंग करने वाले माता-पिता की योग्यता का मानदंड*** | | | |
| **विवाहित होने की शर्त** | ▪ हां | ▪ नहीं (अविवाहित पुरुष/महिला को अनुमति है) | ▪ नहीं (इसमें ऐसे दंपत्ति को भी अनुमति है, जो सिविल पार्टनरशिप में रहते हैं या सामान्य | ▪ नहीं (अविवाहित पुरुष/महिला को अनुमति है) | ▪ नहीं (अविवाहित महिला को अनुमति है) | ▪ नहीं (अविवाहित महिला को अनुमति है) |

**निवेदिता राव**
nivedita@prsindia.org

**28 नवंबर, 2016**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पार्टनर के रूप में रहते हैं) | | | |
| **नागरिकता और/या निवास** | ▪ नागरिकता | ▪ नागरिकता | ▪ स्थायी निवास | ▪ कमीशनिंग करने वाले माता-पिता में से किसी एक को देश का अधिवासी होना चाहिए | ▪ अधिवासी | ▪ कोई जरूरी नहीं |
| **किसी विशेष मेडिकल स्थिति का होना** | ▪ इनफर्टिलिटी यानी गर्भधारण करने में असमर्थता को साबित करना होगा | ▪ गर्भाशय का जन्मजात अभाव या हिस्टेरेक्टॉमी या कोई ऐसी स्थिति जिसके कारण इच्छुक महिला के लिए बच्चे को जन्म देना कठिन हो | ▪ कोई जरूरी नहीं | ▪ अगर कोई व्यक्ति बच्चे को जन्म नहीं दे सकता और ऐसी स्थिति स्थायी और अपरिवर्तनीय है | ▪ इच्छुक माता (मेडिकल कारणों से) बच्चे को जन्म देने में समर्थ न हो | ▪ मेडिकल कारणों से गर्भधारण करना और बच्चे को जन्म देना असंभव हो |

| | **भारत<br>सेरोगेसी बिल, 2016** | **नीदरलैंड्स** | **युनाइटेड किंगडम** | **दक्षिण अफ्रीका** | **ग्रीस** | **रूस** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | *सेरोगेट माता की योग्यता का मानदंड* | | | |
| **आयु** | ▪ 25-35 वर्ष | ▪ <44 वर्ष | ▪ स्पष्ट नहीं | ▪ स्पष्ट नहीं | ▪ स्पष्ट नहीं | ▪ 20-35 वर्ष |
| **कमीशनिंग करने वाले माता-पिता से रिश्ता** | ▪ करीबी संबंधी | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं |
| **विवाहित होने की शर्त** | ▪ हां | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं | ▪ नहीं |
| **अपने बच्चों की संख्या** | ▪ कम से कम एक | ▪ कम से कम एक | ▪ कोई जरूरी नहीं | ▪ कम से कम एक | ▪ कोई जरूरी नहीं | ▪ कम से कम एक |
| **कितनी बार सेरोगेसी कर सकती है** | ▪ एक बार | ▪ कोई सीमा नहीं | ▪ कोई सीमा नहीं | ▪ कोई सीमा नहीं | ▪ कोई सीमा नहीं | ▪ कोई सीमा नहीं |
| **पार्टनर की सहमति** | ▪ कोई प्रावधान नहीं | ▪ कोई जरूरी नहीं | ▪ कोई जरूरी नहीं | ▪ जरूरी | ▪ जरूरी | ▪ जरूरी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **सेरोगेट बच्चे की कानूनी गार्जियनशिप** | ▪ इच्छुक दंपत्ति | ▪ सेरोगेट माता (गार्जियनशिप का हस्तांतरण एडॉप्शन के जरिए) | ▪ सेरोगेट माता (गार्जियनशिप का हस्तांतरण एडॉप्शन के जरिए,अगर माता-पिता बच्चे से जेनेटिकली संबंधित हैं, अन्यथा अदालत के आदेश से) | ▪ इच्छुक माता-पिता | ▪ इच्छुक माता-पिता | ▪ सेरोगेट माता, अगर उसने अपना डिंब (एग) दिया है<br>▪ इच्छुक माता-पिता, अगर सेरोगेट माता ने अपना डिंब (एग) नहीं दिया है |
| **कमर्शियल सेरोगेसी में शामिल होने पर दंड** | ▪ न्यूनतम 10 वर्ष | ▪ अधिकतम एक वर्ष | ▪ अधिकतम तीन महीने | ▪ अधिकतम 10 वर्ष | ▪ न्यूनतम दो वर्ष | ▪ कोई प्रावधान नहीं |

Sources: A comparative study on the regime of surrogacy in EU member states, European Parliament, 2013; **India:** The Surrogacy (Regulation) Bill, 2016; **Netherlands:** Dutch Society of Obstetrics and Gynaecology guidelines; **United Kingdom:** Surrogacy Arrangements Act,1985; **South Africa:** Chapter 19, Children's Act, 2005; **Greece**: Article 1458 of the Greek Civil Code; **Russia**: Article 51-52, Family Code,1995; Federal Law on the Fundamentals of Protection of Citizens' Health in Russian Federation 2011; PRS.

**अस्वीकरणः** प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (□पीआरएस□) की स्वीकृति के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह सारांश मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया गया था। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी के मूल सारांश से इसकी पुष्टि की जा सकती है।